भोले शंकर की शरण में आ

भोले शंकर की शरण में आ,
जीवन तेरा ये संवर जायेगा,
भव सागर में जो अटकेगा,
वो बेडा पार उतर जायेगा,

नाम मेरे शम्भू का इंसान जो एक बार लेता है,
वो है भोला भाला बदले में मुँह माँगा वर देता है,
उनकी दया जो हो जाये,
तेरा घर खुशियो से भर जायेगा,
भोले शंकर की शरण मे आ......

नाथ है नाथो का कैसा अनोखा रूप धारा है,
हाथ में भोले के जीवन मरण का खेल सारा है,
ध्यान लगा ले चरणों में
बाबा तुझ पर किरपा कर जायेगा,
भोले शंकर की शरण मे आ...

द्वार पर भोले के आके जरा एक बार अजमा ले,
मांगना फिर क्या है लख्खा फिर तू चाहे सो पाले,
ऐसे दयालु है भोले अरे ऐसे दयालु है भोले,
सब दुखड़े सरल तेरे हर जायेगा,
भोले शंकर की शरण मे आ....

भोले शंकर की शरण में आ,
जीवन तेरा ये संवर जायेगा,
भव सागर में जो अटकेगा,
वो बेडा पार उतर जायेगा...

स्वर : लखबीर सिंह लक्खा

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/4666/title/bhole-shankar-ki-sharn-me-aa-jeewan-tera-saavar-jayega

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |